हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 27 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 36.3°c
न्यूनतम 27.8°c

10 पारदर्शी व योग्य व्यवस्था से युवाओं को अवसर दे...



12 उत्तम विहार में सड़कें बनीं तालाब, जमा रहता है...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- निगम कमिश्नर की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- आर्य नगर वैदिक भक्ति साधन आश्रम में यजुर्वेद पारायण यज्ञ

# मोबाइल-लैपटॉप की लत छीन रही युवाओं की फिटनेस

## गलत पोश्चर व बढ़ता स्क्रीन टाइम बन रहा गंभीर खतरा

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

हेल्थ अलर्ट

डिजिटल क्रांति और वर्क फ्रॉम होम के दौर में मोबाइल, लैपटॉप और टीवी का अत्यधिक इस्तेमाल अब युवाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। घंटों एक ही जगह बैठकर स्क्रीन स्क्रॉल करने, दफ्तरी काम निपटाने और ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण शारीरिक फिटनेस तेजी से गिर रही है। स्थिति यह है कि जो बीमारियां पहले 50 से 60 वर्ष की उम्र में बुढ़ापे के कारण देखी जाती थीं, वे अब 18 से 40 साल के कॉलेज छात्रों और कामकाजी युवाओं में दिखने लगी हैं। कमर, गर्दन और कंधों के दर्द से परेशान युवा अस्पतालों और फिजियोथेरेपी सेंटरों के चक्कर का रहे हैं।

### टेक्स्ट नेक सिंड्रोम

- तेजी से बढ़ रहे गर्दन और कमर दर्द के मरीज
- 18 से 40 साल के युवा ज्यादा प्रभावित



### ऐसे समझें स्क्रीन और पोश्चर का गणित

- दिन में 4–5 घंटे से अधिक लगातार स्क्रीन देखने से मांसपेशियों और हड्डियों संबंधी समस्याओं का खतरा 80% तक बढ़ता है।
- शून्य डिग्री (सीधी गर्दन) : गर्दन पर सिर का नॉर्मल भार 5 किलो होता है।
- 60 डिग्री झुकाव : मोबाइल देखने के लिए गर्दन झुकाने पर गर्दन पर प्रभावी दबाव बढ़कर 27 किलोग्राम तक पहुंच जाता है।
- लगातार गलत पोश्चर से 'टेक्स्ट नेक सिंड्रोम' का खतरा बढ़ता है।
- लंबे समय तक यही स्थिति सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, गर्दन दर्द और डिस्क प्रोलेप्स जैसी समस्या का कारण बन सकती है।

### स्क्रीन टाइम के ये हैं दुष्प्रभाव

- स्क्रीन की नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के निर्माण को कम करती है, जिससे अनिद्रा बढ़ती है।
- लंबे समय तक बैठे रहने से कैलोरी बर्न कम होती है, मांसपेशियां कमजोर पड़ती हैं और वजन बढ़ता है।
- बढ़ा हुआ वजन और गलत पोश्चर कमर व गर्दन की समस्याओं को बढ़ाते हैं।
- पर्याप्त नींद न मिलने से चिड़चिड़ापन, तनाव और दर्द बढ़ता है।



-डॉ. अंकित पाटिल, ऑर्थोपेडिक एवं मस्कुलोस्केलेटल फिजियोथेरेपिस्ट

### बिना ब्रेक स्क्रीन देखना रीढ़ के लिए धीमा जहर



सरकारी और निजी अस्पतालों के अनुसार, दो वर्षों से रीढ़ की हड्डी, गर्दन और पीठ दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या में 35 से 40% तक का उछाल आया है। इन मरीजों में 60% से अधिक संख्या 18 से 40 वर्ष के युवाओं की है। श्री केवीएम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रोहतक के चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. विशाल वर्मा का कहना है कि बिना ब्रेक के स्क्रीन देखना रीढ़ के लिए धीमे जहर जैसा है। पेशेवर लोग 9 से 10 घंटे की शिफ्ट के दौरान सोफे या बिस्तर पर गलत पोश्चर में बैठकर काम करते हैं, जिससे रीढ़ की मांसपेशियां पूरी तरह जकड़ जाती हैं।

### यह भी खतरा

- विटामिन डी की कमी से हड्डियां और मांसपेशियां कमजोर होती हैं।
- कैल्शियम की कमी हड्डियों की मजबूती घटाती है।
- मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में ऐंठन और थकावट बढ़ती है।
- विटामिन बी12 की कमी से नसों और मांसपेशियों के कार्य प्रभावित होते हैं।

### ये सावधानियां बरतें

- लैपटॉप या कंप्यूटर स्क्रीन आंखों के ठीक सामने हो
- कुर्सी पर बैठते समय पीठ सीधी रखें। कोहनी, हिप्स और घुटने तीनों 90 डिग्री के कोण पर रहें।
- पैरों को जमीन पर सीधा सटाकर रखें। क्रॉस-लेग से बचें।
- ऐसी कुर्सी हो, जिसमें पीठ के निचले हिस्से को सहारा मिले।
- 20 मिनट काम के बाद 20 सेकंड 20 फीट दूर देखें।
- हर घंटे में सीट से उठकर 2 से 5 मिनट टहलें।
- सोने से 1 घंटे पूर्व फोन, लैपटॉप व टीवी को खुद से दूर करें।

## खबर संक्षेप

### कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप व दस्तावेज चोरी

**सांपला।** नेशनल हाईवे-9 स्थित एक ढाबे पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। पुलिस ने कार मालिक कपिल की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कपिल ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। वह अपने साथी के साथ कार से हिसार से घर लौट रहे थे। रास्ते में सांपला बाइपास से बहादुरगढ़ की ओर हाईवे-9 पर स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। कुछ देर बाद लौटे तो कार का शीशा टूटा और लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज गायब थे।

### प्लॉट विवाद में घर में घुसकर पीटने का आरोप

**सांपला।** कस्बे में प्लॉट विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पीड़ित जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आधा दर्जन लोगों ने उनके घर में घुसकर जानलेवा हमला किया। घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गढ़ी बोहर के युवक को कथूरा में मारे चाकू

# समझौता कराने के बहाने बुलाकर पूर्व सीआरपीएफ जवान के बेटे की हत्या

## हरिद्वार में होटल चलाता था मोंटी, दो दोस्त घायल, परिजन बोले- मामा के घर गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सोनीपत में झगड़े का समझौता कराने के बहाने बुलाकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात में उसके दो साथी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना बरोदा थाना क्षेत्र के गांव कथूरा की है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। मृतक की पहचान रोहतक के गढ़ी बोहर निवासी मोंटी (20) के तौर पर हुई। मोंटी हरिद्वार में होटल चलाता था। उसके पिता देवेंद्र सीआरपीएफ से रिटायर्ड हैं। मोंटी के एक भाई व दो बहनें भी हैं। परिवर का कहना है कि वह कथूरा गांव में अपने मामा के घर गया था।





खानपुर मेडिकल कॉलेज में मोंटी के दोस्त।



रोहतक पीजीआई में बैठे परिजन

### सात दिन पहले दी थी धमकी

जानकारी के अनुसार, फ्रेंड्स कॉलोनी सेक्टर-28 निवासी अंकुश ने बताया कि वह रोहतक से डी-फार्मेसी का कोर्स कर रहा है। 25 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे वह अपने दोस्त मोंटी, शुभम, प्रीतम और मोहित के साथ गांव कथूरा में सुंडे की बैठक में बैठा था। इसी दौरान उसने मोंटी को बताया कि 7 दिन पहले मोखरा निवासी पंकज उर्फ भोलू ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। इसके बाद दोनों के बीच रंजिश चल रही थी।

### रंजिश को लेकर शुरू हुई मारपीट

शिकायत के अनुसार, इसी रंजिश को खत्म करने के लिए वह, उसका दोस्त मोंटी और शुभम दादा फुल सिंह एकेडमी, कथुरा के बाहर राजीनामा करने पहुंचे। कुछ देर बाद प्रीतम और मोहित भी वहां आ गए। आरोप है कि वहां पहुंचते ही पंकज उर्फ भोलू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और थप्पड़-मुक्कों से मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसका साथी, पलवल निवासी शिवम उर्फ जस्सा भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद दोनों ने मिलकर अंकुश, मोंटी और प्रीतम के साथ मारपीट की।

### पंकज उर्फ भोलू ने मोंटी की जांघ, अंकुश के सिर-गर्दन व प्रीतम की बाजू पर चाकू मारा

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पंकज उर्फ भोलू ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मोंटी की जांघ में वार किया। इसके बाद उसने अंकुश की गर्दन, सिर और बाजुओं पर बारी-बारी से चाकू से हमला किया। प्रीतम की बाजू पर भी चाकू मारा गया। यह हमला जान से मारने की नीयत से किया गया, जिसमें अंकुश और प्रीतम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मोंटी की चाकू लगने से मौत हो गई। शिकायत में कहा गया है कि घटना के दौरान गांव कथूरा निवासी प्रवीण भी मौके पर पहुंच गया था। इसके बाद पंकज उर्फ भोलू और शिवम उर्फ जस्सा उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए हथियार सहित मौके से फरार हो गए।

### अंकुश व प्रीतम रोहतक पीजीआई में भर्ती

सूचना मिलने पर थाना बरोदा पुलिस सीएचसी चिड़ी पहुंची, जहां मोंटी को मृत घोषित किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पहले सामान्य अस्पताल गोहाना और फिर खानपुर पीजीआई रेफर किया गया। वहीं, घायल अंकुश और प्रीतम का रोहतक पीजीआईएमएस में उपचार करवाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**रोहतक।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

रेलवे पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष के बीच प्रतीत होती है। उसका रंग सांवला, चेहरा लंबोतरा, शरीर पतला तथा कद करीब पांच फीट है। मृतक ने भगवा रंग की धोती पहन रखी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल सकी। रेलवे पुलिस ने शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखवाया है और आसपास के थाना क्षेत्रों सहित अन्य माध्यमों से मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति दिए गए हुलिये के आधार पर मृतक की पहचान कर सके तो तत्काल रेलवे पुलिस से संपर्क करें।

## निशानेबाजी और कूटनीति दोनों में चमकी रोहतक की निआ शर्मा

- जसपाल राणा मेमोरियल कप में जीते तीन पदक, आईआईएमयूएन सम्मेलन में बनीं 'बेस्ट डेलीगेट', राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस खिलाड़ी भी हैं निआ



**रोहतक।** सेक्टर-1 निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी निआ शर्मा ने खेल और बौद्धिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रोहतक का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। देहरादून में आयोजित जसपाल राणा मेमोरियल कप-2026 में निआ ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में कुल 274/300 अंक हासिल करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने महिला व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक (द्वितीय स्थान), जूनियर महिला वर्ग में तृतीय स्थान तथा यूथ महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर तीन पदक अपने नाम किए। निआ ने खेल के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता का भी शानदार परिचय दिया। 24 से 26 जुलाई 2026 तक रोहतक के स्कॉलर्स रोसरी इम्पीरियल कैंपस में आयोजित आईआईएमयूएन (इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस) के मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन में उन्होंने यूनाइटेड नेशंस डिसआर्मामेंट एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी कमेटी (डीआईएसईसी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट डेलीगेट' का प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया। यह सम्मेलन देश-विदेश के विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर अपनी नेतृत्व क्षमता और कूटनीतिक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। निआ शर्मा केवल निशानेबाजी तक ही सीमित नहीं हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस खिलाड़ी भी हैं और विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं।



### खंड स्तरीय शूटिंग में हर्षित हुड्डा और साकेत ने पाया पहला स्थान

**रोहतक।** ब्लॉक स्तरीय निशानेबाजी (शूटिंग) प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता के अंडर-19 एयर पिस्टल वर्ग में जान वेस्ली स्कूल के हर्षित हुड्डा, आरपीएस इंटरनेशनल के अजीत और स्वामी नितानंद स्कूल के महेश ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चयन सूची में जगह बनाई। वहीं अंडर-19 एयर राइफल (पीप साइट) स्पर्धा में नवयुग स्कूल के साकेत गर्गवाल, आरपीएस इंटरनेशनल के अभिनव सभरवाल और स्कॉलर्स रोसरी के काव्यांश गुप्ता ने अपनी सटीक निशानेबाजी के बल पर सफलता हासिल की। दूसरी ओर अंडर-17 आयु वर्ग में भी खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंडर-17 एयर पिस्टल वर्ग में मॉडल स्कूल के हितेश हुड्डा, हंसराज मेमोरियल के सिद्धार्थ और स्कॉलर्स रोसरी के गुरमीत सिंह कादियान ने बाजी मारते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा अंडर-17 एयर राइफल (पीप साइट) वर्ग में डीएवी सेंचुरी के सुखचैन मत्रा, स्कॉलर्स रोसरी के दक्ष मलिक और सांगवान स्कूल के तरुण ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया।

## बोहर की बाइक रिपेयर शॉप और दिल्ली बाइपास पर डे बैक शोरूम के बाहर जेनरेटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बोहर में रविवार की सुबह एक बाइक रिपेयर शॉप में अचानक आग लग गई। आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। सूचना मिलते ही दमकल केंद्र से फायर ब्रिगेड की गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

शॉप संचालक अजीत ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। हादसा करीब सुबह साढ़े नौ बजे हुआ। इस हादसे में दुकान में रखा उपकरण, स्पेयर पार्ट्स तथा अन्य सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

दूसरी ओर दिल्ली बाइपास पर डे बैक शोरूम के बाहर रखे जेनरेटर में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल केंद्र कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने भी राहत की सांस ली।





बोहर में बाइक रिपेयर शॉप में लगी आग से नष्ट सामान व दिल्ली बाइपास पर जेनरेटर में से लगी आग।

**मंथन** निगम के वरिष्ठ अधिकारी और पार्षद उठाएंगे प्रमुख मुद्दे

# निगम फाइनेंस कमेटी की बैठक आज टॉयलेट के टेंडरों पर होगा अहम फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की फाइनेंस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित होगी, जिसमें शहर के सार्वजनिक शौचालयों से जुड़े टेंडरों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। यह वही मामला है जिसे हरिभूमि ने लगातार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बैठक के दौरान शौचालय टेंडरों की प्रक्रिया, पारदर्शिता और आगे की कार्रवाई सहित शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए मंथन होगा।

जानकारी के अनुसार, शहर के सार्वजनिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव से जुड़े टेंडरों को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे थे। टेंडर प्रक्रिया को लेकर विभिन्न स्तरों पर आपत्तियां सामने आई थीं, जिसके बाद यह मुद्दा चर्चा का विषय बना।

### मेयर लेंगे बैठक



अब फाइनेंस कमेटी की बैठक में इस विषय पर सदस्यों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श होगा। बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मीकि करेंगे। बैठक में नगर निगम आयुक्त सतेंद्र दूहन, ज्वाइंट कमिश्नर, फाइनेंस कमेटी की सदस्य पार्षद कंचन खुराना, पार्षद सुशील नांदल सहित अन्य संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वे टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी बिंदुओं पर सदस्यों को जानकारी देंगे और यदि किसी स्तर पर अनियमितता या प्रक्रिया संबंधी कमी पाई जाती है तो उस पर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

### निर्धारित नियमों की होगी समीक्षा

बैठक में यह भी समीक्षा की जाएगी कि सार्वजनिक शौचालयों के संचालन के लिए जारी किए गए टेंडरों में निर्धारित नियमों का पूरी तरह पालन हुआ या नहीं। साथ ही भविष्य में ऐसी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए भी सुझावों पर विचार किया जा सकता है। फाइनेंस कमेटी की इस बैठक को नगर निगम की महत्वपूर्ण बैठकों में से एक माना जा रहा है, क्योंकि इसमें वित्तीय मामलों के साथ-साथ शहर की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई अहम विषयों पर भी निर्णय लिए जाने हैं। हालांकि सबसे अधिक नजरें शौचालय टेंडरों से जुड़े एजेंडे पर रहेंगी, क्योंकि इस मामले ने पिछले दिनों निगम की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े किए थे। बैठक में होने वाले निर्णयों के आधार पर यह तय होगा कि शौचालय टेंडरों को लेकर आगे क्या कदम उठाए जाएंगे और निगम प्रशासन इस पूरे मामले में किस प्रकार की कार्रवाई करता है। ऐसे में बैठक के निष्कर्ष पर शहरवासियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों की भी विशेष नजर रहेगी।

### जसबीर कॉलोनी में पीजी होटल से 10 मोबाइल चोरी



**रोहतक।** शीला बाइपास के पास जसबीर कॉलोनी स्थित एक पीजी होटल से दो आरोपियों ने 10 मोबाइल फोन पर चोरी कर लिए। पूरा मामला वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। सूचना पाकर होटल मालिक मौके पर पहुंचा और अर्बन एस्टेट थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। होटल मालिक प्रवेश सांगवान ने बताया कि, सुबह करीब 5 बजे दो चोर जसबीर कॉलोनी स्थित पीजी में घुसे। पीजी के नीचे खड़ी बाइकों के पास पहले बात करते रहे, उसके बाद पीजी में अंदर गए, जहां कमरों में सो रहे बच्चों के मोबाइल फोन चोरी किए और पीजी से बाहर निकल गए। प्रवेश सांगवान ने बताया कि पीजी में चोरी करने के बाद आरोपी उसके होटल में घुसे। होटल का रिसेप्शनिस्ट कमरे में सो रहा था, जिसके कमरे में घुसकर आरोपी ने मोबाइल फोन चोरी किया और होटल से निकल गया। प्रवेश सांगवान ने बताया कि आरोपियों ने पीजी से स्टूडेंटों के 8 मोबाइल फोन चोरी किए, जबकि होटल से दो फोन चोरी किए हैं। दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## राजकीय महिला कॉलेज में 770 दाखिले पूरे, दूसरी सूची 29 को

- पहली मेरिट लिस्ट के तहत फीस जमा कराने की अंतिम तिथि आज



**रोहतक।** कॉलेजों में यूजी कोर्स में दाखिले लेने के लिए पहली मेरिट जारी हो चुकी है। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का पहली लिस्ट नाम आया है उनको 27 जुलाई फीस जमा करानी है। जिले के राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर ने बताया कि कॉलेज में 2400 सीटों में से 770 सीटों पर छात्राओं ने दाखिला ले लिया है। 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी व 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थियों को 3 अगस्त तक फीस जमा करानी होगी। बची हुई सीटों पर 4 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद अगर सीटे खाली रहती है तो 5 अगस्त को दोबारा पोर्टल खोला जाएगा।

### जानिए... किस कोर्स में हैं कितनी सीटें कितने विद्यार्थियों ने जमा कराई फीस

| कोर्स नाम | सीटें | फीस |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्ट | 800 | 305 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 80 | 22 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 20 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 60 | 14 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 60 | 23 |
| बीबीए | 60 | 18 |
| बीकॉम | 440 | 134 |
| बीसीए | 120 | 39 |
| बैचलर ऑफ होम साइंस | 40 | 7 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 85 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस | 280 | 69 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 80 | 26 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 60 | 8 |

# मन की बात से मिलती है समाज और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा : मंजू हुड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला परिषद चेयरपर्सन एवं गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी मंजू हुड्डा ने हल्का गढ़ी सांपला किलोई के मेधावी विद्यार्थियों को उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया, जिन्होंने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान उन्होंने सांपला वार्ड-3 निवासी गौरव मित्तल तथा पुरानी अनाज मंडी, सांपला निवासी छवि गुप्ता को नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर उनको परिवार सहित सम्मानित किया। मंजू हुड्डा ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार के संस्कार, सहयोग और प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और समाज सेवा तथा राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

मंजू हुड्डा ने कहा कि क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धियां अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी पूरी लगन, अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन कर देश और समाज की सेवा करने का आह्वान किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ नंबर 23 पर सुना 136वां एपिसोड

**महम।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महम विधानसभा क्षेत्र के खरक जाटान गांव के बूथ सं. 23 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 136वां एपिसोड सुना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शमशेर खरक ने कहा कि मन की बात महज एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त जनआंदोलन बन चुका है, जो विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा दे रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना पर जोर दिया। आज भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन, अत्याधुनिक तकनीक और आईएनएस महेंद्रगिरि जैसे युद्धपोतों के निर्माण से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर निर्यात में नए कीर्तिमान रच रहा है। नई शिक्षा नीति, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया के बूते भारतीय युवा नवाचार में वैश्विक पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री का 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश स्थानीय उद्यमों को मजबूती दे रहा है।



## गांव खेड़ी साध में सुना मन की बात कार्यक्रम



**रोहतक।** भाजपा प्रदेश सचिव रेणु डाबला ने सुनारिया मंडल के गांव खेड़ी साध में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 136 वां एपिसोड भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता संतू पहलवान के मकान पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार और छायादार पौधे भी लगाए। इस मौके पर संदीप बुधवार, सुनील गहलावत, नरेश खनगवाल, भालू खनगवाल, मनीष, नसीब आदि मौजूद रहे।

## इस्माइला में ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**सांपला।** रविवार को खंड के गांव इस्माइला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती राजबाला चहल मौके पर पहुंची। उन्होंने पौधरोपण कर कार्यकर्ताओं को पर्यावरण के पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजकुमार सुनारिया, भूपेंद्र खत्री, पवन खत्री, सुनील, राजीव, विक्की खत्री, जितेंद्र कौशिक, हेमंत भारद्वाज, भूप सिंह खत्री आदि उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री ने प्रतिभाशाली युवाओं को किया सम्मानित

# पारदर्शी व योग्य व्यवस्था से युवाओं को अवसर दे रही नायब सरकार : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पारदर्शी और ईमानदार व्यवस्था के साथ युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करा रही है। आज प्रदेश में बिना किसी पर्ची और बिना किसी खर्ची के योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और प्रदेश में सुशासन की नई पहचान बनी है। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने महाराजा दक्ष प्रजापति युवा संगठन द्वारा कुम्हार धर्मशाला में श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।





**महम।** मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा तथा सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को चांदी की गदा भेंट करते कार्यक्रम के आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### मेधावियों को उज्ज्वल भविष्य की दीं शुभकामनाएं

इस अवसर पर मंत्री ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में दसवीं, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा नीट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले' कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति का जीवन कर्म, अनुशासन, संगठन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश देता है।

**महम में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती एवं भंडारे में मुख्यातिथि रहे कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा**

### ये रहे मौजूद

पूर्व राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा, दीपक निवास हुड्डा, सत्यव्रत मालवाल, सन्दीप प्रजापति, समिति प्रधान धर्मबीर दुरहान, कृष्ण पंवार, रामावतार ददरवाल, लीलूराम बेडवा समेत बड़ी संख्या में मौजिज उपस्थित रहे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की पूरी मेहनत से तैयारी करें युवा

उन्होंने कहा कि हर माता-पिता की सबसे बड़ी पूंजी उनकी संतान होती है। यदि अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा,अच्छे संस्कार देंगे, तो वही बच्चे भविष्य में परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरी मेहनत से करें, क्योंकि वर्तमान सरकार में प्रतिभा और योग्यता का पूरा सम्मान हो रहा है।

## कांग्रेस शासनकाल में बेचे थे युवाओं के सपने, तब कहां थे दीपेंद्र : ग्रोवर



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कांग्रेस और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा युवाओं की चिंता कब से करने लगे हैं? हरियाणा की जनता ने 2005 से 2014 तक कांग्रेस शासन में भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को नजदीक से देखा है। उन्होंने कहा कि उस समय भर्ती में सिर्फ और सिर्फ सिफारिश और रुपए चलते थे, तब दीपेंद्र को युवाओं की चिंता नहीं हुई। लेकिन आज भाजपा राज में पढ़ने वाले योग्य और होनहार बच्चे नौकरी ले रहे हैं। भाजपा सरकार ने व्यवस्था में व्यापक बदलाव कर युवाओं को योग्यता और मेरिट के आधार पर अवसर देने का काम किया है। दिल्ली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में रोहतक विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उन्हें आंदोलन करने का इतना ही शौक है तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि जब कांग्रेस सरकार के दौरान नौकरियां बेचे जाने और किसानों की जमीन सस्ते भाव में लेकर प्राइवेट बिल्डर को दी जा रही थी, तब युवाओं और किसानों के हित में कड़े कदम क्यों नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है और आज युवाओं में यह विश्वास पैदा हुआ है कि मेहनत और योग्यता के दम पर बिना किसी सिफारिश और बिना किसी खर्च के सरकारी नौकरी प्राप्त की जा सकती है। यही कारण है कि प्रदेश के युवाओं का विश्वास व्यवस्था में लगातार मजबूत हुआ है।इस मौके पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, बीजेपी जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, रॉकी सहगल, अमित मग्गू, मनीष शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक बलराज कुंडू के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा जनप्रतिनिधियों का सैलाब

**रोहतक।** पूर्व विधायक बलराज कुंडू के पिता के निधन पर सेक्टर-14 स्थित उनके आवास पर विभिन्न राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, धार्मिक और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, करण सिंह दलाल और जयप्रकाश (जेपी) दलाल, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और सुभाष बराला, लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह, सांसद कुमारी शैलजा, पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, विधायक कुलदीप वत्स, भारत भूषण बतरा, शकुंतला खटक, विनोद भयाना, जगबीर मलिक, महंत बालकनाथ योगी, पूर्व विधायक नयनपाल रावत, भरत सिंह छोक्कर अमरजीत ढांडा, सुमेश शौकीन और बाली पहलवान शामिल रहे। इसके अलावा खेड़ी ओगड़ आश्रम के डॉ. के.के. लांबा, निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती, महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी, कालिदास महाराज, स्वामी जसमेर , आर्य समाज आचार्य, हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल, पर्वतारोही अनीता कुंडू, पूर्व वाइस चांसलर प्रो. राजवीर लोहान, डीजीपी सागर प्रीत हुड्डा, पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा, जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा,डॉ. पवन शर्मा, ब्रिगेडियर हरबीर कुंडू, वीरेश शांडिल्य, धर्मपाल मकड़ोली, रिटायर्ड हरियाणा कर्मचारी आयोग के प्रधान वीरेंद्र धनखड़, डॉ. विपिन सांगवान, डॉ. बांगड़, हरियाणवी कलाकार राजेश सिंहपुरा, उमेश शर्मा , संचित नांदल, राजेश धनखड़, सुरेंद्र गहलावत, विनोद, संजय कबलाना, नफे सिंह लाहली व अनुराग खटकड़ आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## नवीन जयहिंद के बीपीएल फ्लैट पर पहुंचे चंडीगढ़ डीजीपी डॉ. सागर प्रीत

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व समाजसेवी नवीन जयहिंद के बीपीएल फ्लैट पर रविवार को चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा पहुंचे। उन्होंने नवीन जयहिंद के पिता के निधन पर शोक प्रकट किया। नवीन जयहिंद के बीपीएल फ्लैट पर लगातार राजनीतिक गतिविधियां अचानक से बढ़ने लगी हैं। 23 जुलाई को सीएम नायब सिंह सैनी बीपीएल फ्लैट पहुंचे, जहां अधिकारिक तौर पर कहा गया कि नवीन जयहिंद के पिता की मौत पर शोक प्रकट करने गए थे, लेकिन बंद कमरे में नवीन जयहिंद व सीएम के बीच क्या बातचीत हुई, इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा करीब पौना घंटा नवीन जयहिंद के बीपीएल फ्लैट में रहे और बंद कमरे के अंदर दोनों के बीच बातचीत होती रही। हालांकि नवीन जयहिंद का कहना है कि डीजीपी केवल हालचाल पूछने आए थे। नवीन जयहिंद से सीएम नायब सैनी की हुई मुलाकात के बाद से चर्चा है कि क्या सरकार नवीन जयहिंद को पंजाब चुनाव में इस्तेमाल करना चाहती है। नवीन जयहिंद वर्तमान समय में सामाजिक मुद्दों को उठाकर बड़ा चेहरा बन चुके है। ब्राह्मण ही नहीं, बल्कि हर वर्ग में उनकी अपनी पहचान बन चुकी है। उनकी एक आवाज पर हजारों लोग एकत्रित हो जाते है। शायद इसलिए भाजपा अब नवीन जयहिंद को भाजपा के लिए तैयार कर रही है।

- **3 दिन पहले सीएम नायब सैनी ने की थी जयहिंद से मुलाकात, डीजीपी सागरप्रीत ने पौना घंटा बंद कमरे में की बातचीत**

## हादसों से बचाव के लिए रेलवे ने अपनी जमीन की बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए काम शुरू किया

**सांपला।** रेलवे ने अपनी कीमती जमीन को सुरक्षित रखने और रेल लाइन पर लगातार हो रहे गोवंश हादसों पर रोक लगाने के उद्देश्य से मुख्य रेल मार्ग के किनारे बाउंड्री वॉल बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस परियोजना के तहत रेलवे लाइन के दोनों ओर ऐसे स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां आए दिन पशु ट्रैक पर पहुंच जाते हैं और ट्रेनों की चपेट में आने से रेल संचालन प्रभावित होता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अप और डाउन दोनों लाइनों पर कई बार गोवंश और अन्य आवारा पशु रेल पटरियों पर आ जाते हैं। इससे न केवल पशुओं की मौत होती है, बल्कि ट्रेनों की आवाजाही भी बाधित होती है। हादसे के बाद ट्रेनों को रोकना पड़ता है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और रेल सेवाएं प्रभावित होती हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया है। जानकारी के अनुसार रेलवे ने पहले चरण में प्रमुख रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा संबंधी कार्य पूरे किए हैं। अब दूसरे चरण में सांपला रेलवे स्टेशन से रोहतक की ओर स्थित गेट नंबर 39 तक रेल लाइन के साथ-साथ सीसी रोड और करीब छह फुट ऊंची बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और संबंधित एजेंसी द्वारा प्रारंभिक तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बाउंड्री वॉल बनने से रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जों की संभावना भी काफी हद तक कम होगी। लंबे समय से रेलवे भूमि पर अतिक्रमण और कचरा फेंकने की शिकायतें मिल रही थीं। आसपास की बस्तियों के कुछ लोग रेलवे की खाली जमीन का उपयोग कचरा डालने के लिए करते थे, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती थीं। स्थानीय लोगों का मानना है कि बाउंड्री वॉल बनने से आवारा पशुओं का रेल लाइन तक पहुंचना मुश्किल होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।





## पूर्वांचल एकता सेवा समिति के प्रधान फिर बने संजीव सिंह, 36 वोटों से दर्ज की जीत

**रोहतक।** पूर्वांचल एकता सेवा समिति, रोहतक के त्रिवार्षिक चुनाव में संजीव सिंह लगातार दूसरी बार प्रधान निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मदन सिंह को 36 मतों के अंतर से हराकर दोबारा समिति की कमान संभाली। वहीं सचिव पद पर दिनेश सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर पप्पू सिंह पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। प्रधान पद के लिए संजीव सिंह और मदन सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। समिति के कुल 72 सदस्यों में से 62 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में संजीव सिंह को 49 जबकि मदन सिंह को 13 मत प्राप्त हुए। इस तरह संजीव सिंह ने 36 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर सचिव पद के लिए दिनेश सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए पप्पू सिंह के विरुद्ध किसी अन्य उम्मीदवार ने दावा नहीं किया। इसके चलते दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समिति के सदस्यों ने नवनिर्वाचित प्रधान संजीव सिंह, सचिव दिनेश सिंह और कोषाध्यक्ष पप्पू सिंह का स्वागत कर उन्हें बधाई दी।

### 1000 किलोमीटर फ्री यात्रा योजना पर ब्रेक

# कार्ड खत्म होने पर दफ्तरों के चक्कर काट रहे यात्री

**यात्रा पूरी होने पर बंद हो जाता है कार्ड, प्रीपेड और दोबारा रिचार्ज की नहीं है सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य सरकार की 1000 किलोमीटर फ्री यात्रा योजना के तहत जारी किए गए यात्रा कार्ड को लेकर एक बार फिर भ्रम की स्थिति सामने आ रही है। हरियाणा रोडवेज के डिपो और संबंधित कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोग दोबारा कार्ड बनवाने या रिचार्ज कराने पहुंच रहे हैं। यात्री अधिकारियों से यह कह रहे हैं कि उनका कार्ड चल नहीं रहा और इसमें फिर से रिचार्ज किया जाए, जबकि योजना के नियमों के अनुसार यह कार्ड केवल 1000 किलोमीटर की यात्रा तक ही मान्य है। इस योजना के अंतर्गत उन पात्र यात्रियों को फ्री यात्रा कार्ड वितरित किए गए थे, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राज्य परिवहन में राहत देना था, ताकि उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में खर्च न उठाना पड़े। लेकिन 1000 किलोमीटर की सीमा पूरी होने के बाद कार्ड निष्क्रिय हो जाता है, जिसे न तो रिचार्ज किया जा सकता है और न ही दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। अधिकतर यात्रियों को योजना की शर्तों की पूरी जानकारी नहीं है। जब उन्हें बताया जाता है कि 1000 किलोमीटर पूरे होने के बाद कार्ड बेकार हो जाता है।



एआई जेनरेटेड

### 1000 किमी के बाद कार्ड हो जाता है अमान्य

अब जरूरत इस बात की है कि यात्रियों को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि 1000 किलोमीटर पूरा होते ही कार्ड अमान्य हो जाता है। साथ ही यह भी जरूरी है कि लोग किसी और के कार्ड का इस्तेमाल न करें। इससे न केवल नियमों का पालन होगा, बल्कि योजना का लाभ सही पात्र लोगों तक सीमित और प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा।

-हंसराज, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो

## न्यूज डायरी

### निशुल्क शिविर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य



**महम।** फरमाणा गांव में विश्व रोहिल्ला महासभा द्वारा पहला निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रोहिल्ला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाजसेवी महावीर सिंह सहारण ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर वी केयर कैंसर सेंटर व मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल व संतोष कैंसर फाउंडेशन द्वारा कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व रोहिल्ला महासभा के संस्थापक राजेश आर्य, राष्ट्रीय संरक्षक राजबाला रोहिल्ला,राष्ट्रीय महासचिव संदीप, कोषाध्यक्ष अनिल मदीना, सुमित चिड़ी, गीतांजलि, प्रधान अशोक महम, सतबीर, सुनील रोहिल्ला, जयपाल आर्य, अनूप फौजी, रमेश, ओमप्रकाश फरमाणा व बारूराम सैमाण मौजूद थे।

### गुलाब बने वीएएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**रोहतक।** वेटरन एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (वीएएफआई) की सभा में देशभर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2026–2030 के लिए नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिसमें गुलाब सिंह दलाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। समिति में गुरदियाल सिंह सैनी को मुख्य संरक्षक, जी. रामामूर्ति को महासचिव तथा आर. रंगनाथा नायडू को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर के. ए. असोकन का चुनाव हुआ। नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने वेटरन एथलेटिक्स के विकास का संकल्प व्यक्त किया। एचवीएए के मुख्य संरक्षक मनमोहन गोयल ने सभी को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### प्राथमिक शिक्षकों ने सांसद दीपेंद्र को सौंपा ज्ञापन



**रोहतक।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा (जिला रोहतक) के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान रामराज कादयान के नेतृत्व में सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को दो प्रमुख मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपे। सांसद ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को संसद में प्रमुखता से उठाएंगे। इस दौरान जिला प्रधान अनिल स्वामी, जिला प्रवक्ता बिजेंदर बाहमनिया, राज्य उपप्रधान ललित कुमार, विजय हुड्डा, संदीप दहिया, मनोज हुड्डा रहे।

### शहीद चंद्रशेखर जयंती पर रक्तदाताओं का सम्मान



**रोहतक।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती के अवसर पर प्रयास ट्रस्ट द्वारा गांव गांधरा के शिव मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन योगाचार्य हरिओम कौशिक के सान्निध्य में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि वार्ड-8 के पार्षद धीरज मलिक और विशिष्ट अतिथि रक्तदाता प्रेरक जे.पी. गौड़ उपस्थित रहे। पार्षद धीरज मलिक ने कहा कि शहीदों की स्मृति में रक्तदान करना श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में योगराज खरावड़, आनंद यादव, योगेश मायना, तकदीर कुंडू, अनीता सहित का सहयोग रहा।

### बलिदानी कुशाल दहिया की स्मृति में किया पौधरोपण



**सांपला** भगवान परशुराम सर्व समाज सेवा दल की ओर से चलाए जा रहे सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम अभियान के तहत बाबा कालिदास महाराज ने आश्रम में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान वीर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया की स्मृति को समर्पित है। आयोजकों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सांपला क्षेत्र के 50 गांवों में हजारों पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुशाल सिंह दहिया ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। दिव्यांग प्रदीप ने 31वीं और पुनीत सांडिल्य ने 86वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में योगराज खरावड़, आनंद यादव, योगेश मायना, तकदीर कुंडू, अनीता आदि रहे।

### सेक्टर-1 में निःशुल्क दंत और ईएनटी जांच शिविर



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक एवं एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-1 में एक निःशुल्क दंत तथा ईएनटी जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 70 मरीजों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. यादव एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुनील मुंजाल ने सेवाएं दीं। कार्यक्रम में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर एस.के. सचदेवा, डॉ. एस.एल. वर्मा, डॉ. आर.के. चौधरी, मनोज बत्रा, विशाल शर्मा, डॉ. चितकारा, डॉ. अशोक गुप्ता, सुरेश कथूरिया, प्रदीप बत्रा, उमा शर्मा, संध्या जैन, विजय बल्हारा, राजीव जैन तथा सनी निज्हावन मौजूद रहे।

### 'जन सरोकारों के शायर थे बलबीर राठी'



**रोहतक।** जनवादी लेखक संघ, रोहतक और हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में आईएमए हॉल में हरियाणा के प्रसिद्ध शायर बलबीर राठी के जन्मदिवस पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरेंद्र ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर की, जिसके बाद बलबीर राठी के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सेवानिवृत्त आईएएस मेहर सिंह चालिया, प्रो. प्रमोद गौरी, मंगल नसीम, डॉ. जगमति सांगवान, डॉ. नलिनी विभा नाजली, इंद्रजीत सिंह तथा प्रो. हरीश आर्य ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बलबीर राठी ने अपने लेखन और अध्यापन के माध्यम से समाज में जागरूकता, समानता और प्रगतिशील विचारों को मजबूत किया। वे जन सरोकारों के शायर थे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शहीदों की गौरवगाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी

# डीसी ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान का किया आह्वान

गुप्ता ने कहा, कारगिल विजय दिवस केवल ऐतिहासिक जीत का स्मरण नहीं, बल्कि उन वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर भी है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए



रोहतक। मदवि के गेट नंबर-1 स्थित राज्यस्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त सचिन गुप्ता व अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### इन्हें किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान वीरता पदक विजेता सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, सेवानिवृत्त पेटी ऑफिसर महावीर सिंह, सेवानिवृत्त नायक समुंदर सिंह, वीर माता इन्द्रावती तथा वीर नारियां सुलेखा, सुनीता और राजपति को सम्मानित किया गया। मौके पर कुलगुरु मिलाप पुनिया, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड की अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग सहित पूर्व सैनिक, विश्वविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कारगिल विजय दिवस पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 स्थित राज्यस्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को शहीदों के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल ऐतिहासिक जीत का स्मरण नहीं, बल्कि उन वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर भी है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि शहीदों की गौरवगाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है, ताकि युवाओं में राष्ट्रसेवा और अनुशासन की भावना मजबूत हो।

डीसी ने कहा कि देश सेवा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिक ही नहीं करते, बल्कि प्रत्येक नागरिक भी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित की भावना से करके देश की सेवा कर सकता है। कारगिल विजय दिवस को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि शहीदों के बलिदान को प्रतिदिन याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई सैनिक सीमा पर सेवा करता है तो उसका पूरा परिवार भी राष्ट्र सेवा में सहभागी होता है।

उपायुक्त ने युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के लिए प्रेरित करने पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक जागरूकता और मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चल रहे एसएसबी मार्गदर्शन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुभव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। साथ ही अग्निवीर योजना और एसएसबी के माध्यम से अधिकारी बनने के अवसरों की जानकारी भी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जानी चाहिए।

## सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का राष्ट्र सदा ऋणीः कुलपति

■ कारगिल विजय दिवस पर एमडीयू में वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

रोहतक। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने भारतीय सेना के वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए देश की रक्षा के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की निर्णायक विजय और उनकी निरंतर सतर्कता के लिए पूरा राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। हम अपने घरों में सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे सैनिक दिन-रात देश की रक्षा में जुटे रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटते। कुलपति ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान की गौरवगाथा को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाना चाहिए तथा नई पीढ़ी को इन वीर सैनिकों के अद्वितीय योगदान से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहे और युवा पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके। एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डिप्टी चीफ वार्डन (बॉयज) प्रो. कर्मवीर श्योकंद, जनसंपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी, युवा कल्याण निदेशक डॉ. प्रताप राठी व कारगिल युद्ध के वीरता पदक से सम्मानित ब्रिगेडियर हरबीर सिंह (मुख्य सलाहकार, एमडीयू) सहित विश्वविद्यालय परिवार के अनेक सदस्यों ने भी भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



रोहतक। वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

## शहीदों की स्मृति में पौधे लगाए



रोहतक। कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर मानसरोवर पार्क स्थित युद्ध स्मारक पर पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों और शहरवासियों ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया गया और मोमबत्तियां जलाकर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले वीर नारियों और शहीदों के परिजनों ने मौलसरी, अशोक, गुलमोहर और गुलाब के पौधे लगाए। इसके बाद युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित कर तथा मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में वीर नारी सुलेखा देवी, वीर नारी सुनीता देवी, वीर नारी सरोज बाला और वीर माता इंद्रावती को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व कैप्टन प्रताप सिंह मलिक, कैप्टन जयवीर सिंह तथा सेना मेडल से सम्मानित रामनिवास को भी सम्मानित किया गया।

## सैनिकों का शौर्य कैनवास पर उकेरा




रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंस संकाय में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. चारु शर्मा के निर्देशन में हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन व कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों से देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और मानव सेवा के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कारगिल के वीरों को सलाम विषय पर लाइव पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने सैनिकों के शौर्य को कैनवास पर उकेरा। इस मौके पर डॉ. ज्योति रानी, डॉ. प्रीति लाठवाल, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. प्रदीप, डॉ. वैशाली, डॉ. साक्षी सहित सभी संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।



## 176 लोगों की हुई जांच

रोहतक। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारत सेवाश्रम संघ, सेक्टर-92 स्थित प्रणवानंद चैरिटेबल क्लिनिक में भाटिया चैरिटेबल आई हॉस्पिटल, रोहतक तथा खत्री आंखों का अस्पताल, सांपला के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्वामी आत्माज्ञानन्द ने किया। शिविर में हरियाणा सरकार के सेवानिवृत्त नेत्र सर्जन डॉ. सर्वपाल सिंह भाटिया तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ नेत्र अधिकारी डॉ. उमेद सिंह खत्री ने 176 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 16 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिन्हें आगे के उपचार के लिए परामर्श दिया गया। इस अवसर पर विवेकानंद जन सेवा संघ के प्रधान राजिंदर शर्मा, रिभा हलधर, राकेश शर्मा, पूनम, अनिल और सूरज आदि उपस्थित रहे।




## शिक्षा भारती में शहीदों को नमन

रोहतक। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन हुआ। कक्षा पहली से पांचवीं के बच्चों ने तिरंगा बैज बनाए, वहीं छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने सलाम वीरों को विषय पर पोस्टर तैयार किए। नौवीं व दसवीं के छात्रों ने वॉल डेकोरेशन के माध्यम से शहीदों को नमन किया, ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर प्रभावशाली भाषण दिए।



## गुरु पूर्णिमा पर चार दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ का शुभारंभ

रोहतक। आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चार दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा मुनि सत्यजित तथा पुरोहित आचार्य शक्तिदेव रहे। विश्ववारा कन्या गुरुकुल, रुड़की की ब्रह्मचारिणियों ने सस्वर एवं मनोहारी वेदपाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यज्ञ के दौरान आयोजित शंका समाधान सत्र में साधकों ने वानप्रस्थ आश्रम, गायत्री मंत्र, ओम तथा मूर्ति पूजा सहित विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाएं रखीं। आचार्य सत्यजित ने कहा कि तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान वानप्रस्थ आश्रम के प्रमुख कर्तव्य हैं तथा यह आश्रम आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। गायत्री छंद में 24 अक्षर होते हैं, ओम ईश्वर का मुख्य निज नाम है और महान पुरुषों के आदर्शों का अनुसरण ही उनकी सच्ची पूजा है। आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति 29 जुलाई को भव्य रूप से होगी। इस अवसर पर केशव आर्य, संदीप काहनी, यशपाल भाटिया, मनीष, समीर सागर, अंकुर अरोड़ा, स्नेह गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा के 'मेधावी छात्र सम्मान अभियान' के तहत ऑल इंडिया नीट रैंक 2194 प्राप्त करने वाले हर्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'मेधावी छात्र सम्मान अभियान' के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना तथा समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देना है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया नीट (NEET) परीक्षा में 641/720 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 2194 हासिल करने वाले हर्ष गोयल को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने हर्ष गोयल को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हर्ष की सफलता केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेधावी विद्यार्थी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनते हैं और उनकी मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण समाज के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। पर्व मेयर मनमोहन गोयल ने भी हर्ष गोयल को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया और कहा कि कठिन परिश्रम, परिवार के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही इस प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। उन्होंने हर्ष को भविष्य में एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने की शुभकामनाएं दीं।



रोहतक। छात्र को सम्मानित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

इस सम्मान समारोह के दौरान सुभाष तयाल, रामफल गोयल, महावीर प्रसाद, रमेश रोहिल्ला, दीपक गुप्ता, मोनू गुप्ता , विकास बंसल (सीएलजी) सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने हर्ष गोयल को फूलमाला एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। हर्ष गोयल के पिता डॉ. मनोज गोयल ने इस सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व, मनीष ग्रोवर तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## जन सेवा संस्थान ने कराया निर्धन कन्या का विवाह

रोहतक। समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की निस्वार्थ सेवा में जुटी संस्था 'जन सेवा संस्थान' ने रविवार को एक निर्धन विधवा की बेटी का विवाह पूरे रस्म-रिवाज के साथ संपन्न कराया। यह मांगलिक कार्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम रोहतक के प्रांगण में महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। संस्थान की ओर से विवाह की सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल की गईं। इसके साथ ही नवदंपति को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिए गए। इस शुभ अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी मनीष बंसल व अतुल बंसल (पुत्र विजय बंसल) एवं बंसल परिवार, संस्था के महासचिव विनोद गुप्ता, पवन कुमार और राजेश सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

## न्यूज डायरी

### डीएवी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय स्पर्धा

रोहतक। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक में डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्त्री समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में क्लस्टर स्तरीय 'डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स' का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में विद्यालय को कुश्ती, भारोत्तोलन तथा रोलर स्केटिंग प्रतियोगिताओं की मेज़बानी सौंपी गई है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए रोहतक, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और गन्नौर सहित विभिन्न जिलों के डीएवी विद्यालयों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुँचे। लड़के व लड़कियों के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, झज्जर के प्राचार्य पंकज वालिया तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, बेरी की मुख्याध्यापिका मीनू शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।



### खेल प्रतियोगिता : द आर्यन स्कूल के खिलाड़ी छाए




रोहतक। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में द आर्यन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। 10 मीटर शूटिंग रेंज में आयोजित निशानेबाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओपन एयर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में कुल 25 पदक जीते। प्राचार्या अनीता सिंह और प्रबंधन सदस्य लता दहिया ने खिलाड़ियों, अभिभावकों व कोच साहिल लाठर, जगबीर, संजय दलाल और रमा को बधाई दी।

### यज्ञ से शरीर और मन पवित्रः प्रवीण



रोहतक। महाराजा अग्रसेन बैंक्वेट हॉल में एकादशी के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 20 से पार्षद प्रवीण कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश व शहर की खुशहाली तथा शांति की कामना की। इस दौरान पार्षद प्रवीण कौशिक ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ रही नास्तिकता और आपसी द्वेष को दूर करने का एकमात्र उपाय पूजा-पाठ और यज्ञ है। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों के समय से ही यज्ञ का प्राचीन महत्व रहा है, जिससे हर समस्या का समाधान और आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति से बचाकर अपनी पारंपरिक सभ्यता से जोड़ने पर जोर दिया। समारोह में 'भगवान परशुराम सेवा संघ' के प्रधान बी.एस. कौशिक ने एकादशी व्रत के वैज्ञानिक व स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। मौके पर पंडित शिव नारायण आचार्य, जयपाल ओहलन, श्याम शर्मा, सतीश खरब, मोनू कौशिक, श्री भगवान हलवाई, योगेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मोहन शर्म, विजेंद्र कौशिक आदि उपस्थित रहे।



### भारत विकास परिषद ओमेक्स शाखा की कार्यशाला, सेवा और संस्कार पर दिया जोर

रोहतक। भारत विकास परिषद ओमेक्स शाखा, रोहतक की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जैड ग्लोबल स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमेक्स शाखा अध्यक्ष डीके जैन ने की, जबकि शाखा सचिव अनिल अग्रवाल ने प्रांतीय व जिला टीम का अभिनंदन किया। कार्यशाला में मुख्य मार्गदर्शक एवं हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जिंदल ने कहा कि परिषद वंचितों को समर्थ बनाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संगठन के 'सेवा और संस्कार' प्रकल्पों को विस्तार से समझाया। प्रांतीय गतिविधि संयोजक सुनील जैन का भी विशेष सानिध्य रहा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रमेश अहलावत, सहसमन्वयक हर्ष खेड़ा, संरक्षक सुरेंद्र छाबड़ा, वीरेंद्र जैन, तुलसी बजाज, राजीव चावला, भारत सचदेवा समेत अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



## बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन 100वीं पैदल ध्वजा यात्रा का स्वागत

रोहतक। भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बालाजी महाराज के दर्शन किए और भक्ति रस का आनंद लिया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। स्वास्थ्य शिविर में आंखों, दांतों, फिजियोथेरेपी और सामान्य रोगों की जांच की गई तथा मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। वहीं गांव मोखरा निवासी हरी ओम ने श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल का भंडारा लगाया। भजन गायक विनोद गुप्ता और अमन कौशिक ने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाया, जबकि रिंकू महादेव की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर शनि देव मित्र मंडल, रोहतक द्वारा निकाली गई 100वीं पैदल ध्वजा यात्रा का धाम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें भजन गायिका अंजली शर्मा, चिराग जांगड़ा और नीरज सैनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ Computer Operator 2
❖ PRO 4
❖ Nursing Staff 4
❖ Ward Boy 4
❖ Gate Keeper 4
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## एमडीयू में एचसीटीए की कार्यकारिणी की बैठक

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक स्थित एमडीयूटीए कार्यालय में हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचसीटीए) की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेशभर के कॉलेज शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 7वें वेतन आयोग के अनुसार एचआरए न मिलने, 1 जनवरी 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों को ग्रेच्युटी व डेथ ग्रेच्युटी न मिलने और 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति के बाद दिए जाने वाले एक्सटेंशन का कड़ा विरोध किया गया। एचएफयूसीटीओ के महासचिव दयानन्द मलिक व एचसीटीए अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इन मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में धरने-प्रदर्शन किए जाएंगे। बैठक के बाद एआईएफयूसीटीओ के उपप्रधान डॉ. नरेंद्र चाहर की सेवानिवृत्ति पर एचएफयूसीटीओ और एचसीटीए द्वारा संयुक्त सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगठन में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न तथा उनकी धर्मपत्नी सुलोचना चाहर को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## आर्य स्कूल मदीना के 9 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नीट प्रवेश परीक्षा



शीतल लक्ष्य मुकुल फिजा काजल निकुंज अंजलि अक्षिता अलिक्षा

महम। मदीना के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 9 विद्यार्थियों ने नीट की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस विद्यालय के विद्यार्थी रहे अलिक्षा, फ़िज़ा, लक्षय, काजल, अक्षिता, अंजली, मुकुल, निकुंज और शीतल ने राष्ट्रीय स्तरीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास की है। मेडिकल की राष्ट्रीय स्तरीय पात्रता परीक्षा पास करने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर प्रिंसिपल अशोक दांगी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। कहा कि बच्चों की तरक्की में अभिभावकों और शिक्षकों की मेहनत भी बहुत बड़ा रोल अदा करती है। उन्होंने स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी इन विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने को कहा। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कहा यह सफलता विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों की लगन का प्रमाण है।

### 28 जुलाई से 2 अगस्त तक होगा मुकाबलों का रोमांच

## जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला शिक्षा विभाग ने जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2026-27 का शेड्यूल जारी कर दिया है। 28 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ी जिले के अलग-अलग खेल मैदानों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विभाग की ओर से जारी तिथियों के अनुसार, 28 जुलाई को अंडर-14 गर्ल्स, 29 जुलाई को अंडर-17 गर्ल्स और 30 जुलाई को अंडर-19 गर्ल्स वर्ग के मुकाबले होंगे। वहीं, 31 जुलाई को अंडर-14 बॉयज, 1 अगस्त को अंडर-17 बॉयज और 2 अगस्त को अंडर-19 बॉयज वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। बैडमिंटन गर्ल्स व बॉयज (अंडर-17 व 19) का शेड्यूल बाद में जारी होगा।

### यहां होगी प्रतियोगिता

| खेल | स्थान |
| --- | --- |
| तीरंदाजी | राजीव गांधी स्टेडियम |
| एथलेटिक्स | राजीव गांधी स्टेडियम |
| बैडमिंटन | एसआरएस, खेडी साध, आईएमटी |
| बेसबॉल/सॉफ्टबॉल | राजीव गांधी स्टेडियम |
| बास्केटबॉल | विद्या श्री इंटरनेशनल भालौठ |
| बॉक्सिंग | आर्यन बॉक्सिंग अकादमी सुनारिया |
| चेस | एमएस सरस्वती माता दरवाजा |
| क्रिकेट | एमएस सरस्वती सिंहपुरा / वैश्य सीनियर सेकेंडरी |
| साइक्लिंग | राजीव गांधी स्टेडियम |
| फेंसिंग | विश्वकर्मा स्कूल काठ मंडी रोहतक |
| फुटबॉल | नेकी राम कॉलेज |
| जिमनास्टिक | सर छोटू राम स्टेडियम |
| हैंडबॉल | गुरुकुल लाढौत |
| हॉकी | राजीव गांधी स्टेडियम |

| | |
| --- | --- |
| जूडो | सर छोटू राम स्टेडियम, |
| कबड्डी व जूडो | राजीव गांधी स्टेडियम |
| खो-खो | संस्कार वैली, पटवापुर |
| नेटबॉल | विद्या श्री इंटरनेशनल भालौठ |
| शूटिंग | गन फॉर विक्ट्री शूटिंग रेंज ओमैक्स |
| स्केटिंग | डीएवी स्कूल, दिल्ली रोड |
| तैराकी | केवीएस स्विमिंग पूल दिल्ली बाईपास |
| टेबल और लॉन टेनिस | स्टार ग्लोबल स्कूल |
| ताक्वांडो | भारती कन्या स्कूल |
| वॉलीबॉल | राजीव गांधी स्टेडियम |
| भारोत्तोलन | वैश्य पब्लिक स्कूल |
| कुश्ती | सर छोटू राम स्टेडियम |
| योग | विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल |
| वूशु | वीएफसी क्लब बहु अकबरपुर |
| स्क्वाश | राजीव गांधी स्टेडियम |
| मॉडर्न पैथलान | रेड बॉल क्रिकेट मैदान मायना |

## खबर संक्षेप



### वाल्मीकि चौक की बदहाली पर छात्र नेता ने जताया रोष

**रोहतक।** पुराने बस स्टैंड स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि चौक की खस्ताहाल स्थिति को लेकर छात्र नेता दिनेश कांगड़ा ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह चौक वाल्मीकि समाज की पहचान और आस्था का केंद्र है, लेकिन वर्तमान में गंदगी और अव्यवस्था का शिकार है। उन्होंने नगर निगम से चौक की तत्काल सफाई, सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव की व्यवस्था करने की मांग की। चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो समाज के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर, 300 ग्रामीणों ने कराई जांच

**रोहतक।** मेरा गांव मेरा तीर्थ अभियान के तहत ग्राम समर गोपालपुर में स्वर्गीय रितिक दिनोदिया की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच और मैमोग्राफी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 300 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों की जांच की गई और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. मनीष भारद्वाज, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सुषमा और नर्सिंग ऑफिसर सुनैना ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

### एसआईआर को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**महम।** परसवाला मोहल्ला स्थित ऊंची चौपाल में आयोजित बसपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने एसआईआर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर गरीबों की पहचान से जुड़ी आईडी खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हिसार की जाट धर्मशाला में 2 अगस्त को होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

### साहस वेलफेयर सोसायटी ने लगाए 100 पौधे

**रोहतक।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर साहस वेलफेयर सोसायटी की ओर से ऑक्सीजन स्टेडियम, सुनारिया में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए करीब 100 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। अभियान में युवाओं के साथ बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अमित कादियान, रमित हुड्डा समेत कई सदस्य मौजूद रहे और पौधरोपण में योगदान दिया।

## डेयरियों से निकलने वाला गोबर व गंदगी बढ़ा रही परेशानी

# दो फुहारों में डूबा कच्चा बेरी रोड, जलभराव से सब जाम

- स्थानीय लोगों ने स्थायी जल निकासी व्यवस्था और सड़क सुधार की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बरसात की हल्की फुहारों के साथ ही शहर का कच्चा बेरी रोड एक बार फिर जलभराव और कीचड़ की समस्या से जूझने लगा है। थोड़ी सी बारिश में सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई जगह कीचड़ और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। सड़क पर कई दिनों तक पानी जमा रहने से आवाजाही प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

**सड़क पर बनी दलदल**



### पशु डेयरियों से नालों में बहाया जा रहा है गोबर

कच्चा बेरी रोड क्षेत्र में पशु डेयरियों से निकलने वाला गोबर और गंदगी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। बरसात के दौरान यह गंदगी पानी के साथ सड़क पर फैल जाती है, जिससे कीचड़ और दुर्गंध की समस्या पैदा हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद हालात में सुधार नहीं हुआ। जलभराव और गंदगी के कारण दुकानदारों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।

### विधायक बीबी बतरा दे चुके धरने की चेतावनी

माल गोदाम रोड पर भी बरसात के दौरान जलभराव की समस्या बनी हुई है। गंदा पानी लंबे समय तक जमा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस विधायक बीबी बतरा प्रशासन को जल्द समाधान नहीं होने पर धरने की चेतावनी दे चुके हैं। लोगों ने निगम और प्रशासन से कच्चा बेरी रोड व माल गोदाम रोड पर जल निकासी व्यवस्था सुधारने, सड़कों की मरम्मत कराने और डेयरियों से फैल रही गंदगी पर रोक लगाने की मांग की है।

सिटी पल्स

## थोड़ी सी बरसात में हालात हो जाते हैं खराब

# उत्तम विहार में सड़कें बनीं तालाब, जमा रहता है पानी

- गंदे पानी से बढ़ा मच्छरों और बीमारियों का खतरा, महिलाओं बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उत्तम विहार कॉलोनी में हल्की बारिश के बाद भी जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कॉलोनी की सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समाधान नहीं किया गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होने पर ही मुख्य सड़कें और गलियां पानी से भर जाती हैं। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। वहीं, वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गंदा पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और बीमारियों का खतरा है।

**गली में खड़ा पानी**



### जल निकासी व्यवस्था हो



कॉलोनी में जलभराव की समस्या बनी हुई है। कई शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं हुआ। समय पर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त होने से लोगों को राहत मिल सकती है। -अनिल सैनी, स्थानीय निवासी

### पैदल चलना मुश्किल



हल्की बारिश में ही सड़कें तालाब बन जाती हैं, जिससे पैदल चलना मुश्किल और गड्ढों के कारण हादसों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की। -विजेंद्र नांदल

### महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कत



जलभराव से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। गंदे पानी से दुर्गंध से दिक्कत होती है। जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए। -राजेश रानी, स्थानीय निवासी

## धरने की चेतावनी के बाद जागा एचएसवीपी

# सेक्टर-4 एक्सटेंशन में शुरू हुआ सड़क-सीवर का काम

- आरडब्ल्यूए की बैठक के दो घंटे के भीतर विभाग ने मौके पर टीम और मशीनें भेजकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन में पिछले करीब पांच वर्षों से लंबित सड़क और सीवर लाइन की समस्या को लेकर आखिरकार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) हरकत में आ गया। सोमवार से प्रस्तावित धरने की घोषणा और आरडब्ल्यूए की बैठक के महज दो घंटे के भीतर विभाग ने मौके पर अपनी टीम और मशीनें भेजकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। इससे क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि यदि काम बीच में रोका गया तो वे फिर से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। सेक्टर-4 एक्सटेंशन के प्रधान सुखबीर माथुर का कहना है कि सड़क और सीवर लाइन का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। खराब सड़क और टूटी हुई सीवर व्यवस्था के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्रवासी इस समस्या को लेकर पिछले कई वर्षों से लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। अब तक 50 से अधिक बार शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं



**रोहतक।** एचएसवीपी की टीम ने सड़क को किया समतल।

लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी गई, फिर भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला। लगातार अनदेखी से परेशान होकर आरडब्ल्यूए ने सोमवार से एचएसवीपी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का निर्णय लिया था।

### धरने की जानकारी पर पहुंची टीम

टीमआरडब्ल्यूए की बैठक के दो घंटे बाद ही एचएसवीपी की टीम मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य शुरू कराया। लोगों ने कहा कि समय पर कार्रवाई होती तो आंदोलन की नौबत नहीं आती।

### समय में काम पूरा करने की मांग

सुखबीर माथुर ने कहा कि लोग काम शुरू होने से नहीं, बल्कि समय पर पूरा होने से संतुष्ट होंगे। काम रुका या लापरवाही हुई तो फिर धरना दिया जाएगा।

### सड़क को श्रद्धांजलि देने की थी तैयारी

क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की बदहाल स्थिति के कारण वे इतने निराश हो चुके थे कि प्रतीकात्मक विरोध के रूप में सड़क की श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना बना ली थी। उनका कहना है कि अब उम्मीद है कि विभाग अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करेगा।

# आईएमटी में प्लॉट खरीदारों की रजिस्ट्री पर रोक

**डेढ़ साल से अटकी कन्वेंशन डीड, किसानों को लाखों देकर खरीदे प्लॉट, मालिकाना हक के लिए काट रहे चक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईएमटी रोहतक में जमीन अधिग्रहण के बदले किसानों को आवंटित किए गए रिहायशी प्लॉट अब खरीदारों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। सेक्टर-30ए, सेक्टर-30बी और सेक्टर-33ए में प्लॉट खरीद चुके लोगों के नाम पिछले करीब डेढ़ साल से कन्वेंशन डीड नहीं हो रही है। खरीदारों का कहना है कि उन्होंने किसानों को प्लॉट की पूरी कीमत चुका दी है, लेकिन सरकारी प्रक्रिया बंद होने के कारण वे अपने नाम मालिकाना हक दर्ज नहीं करवा पा रहे हैं। इससे उन्हें लाखों रुपये की राशि फंसने का डर सता रहा है। आईएमटी के लिए गढ़ी बोहर, बलियाना, माजरा और खेड़ी साध गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन देने वाले




किसानों को इसके बदले पुनर्वास नीति के तहत 3, 4, 6, 8, 10 और 14 मरले तक के रिहायशी प्लॉट आवंटित किए गए थे। इनमें से कई प्लॉट किसानों ने आगे बेच दिए। खरीदारों ने भी अपनी जरूरत और निवेश को देखते हुए इन प्लॉटों को खरीदा, लेकिन अब कन्वेंशन डीड की प्रक्रिया बंद होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है।

### जल्द कन्वेंशन डीड प्रक्रिया शुरू हो

आईएमटी रोहतक के प्लॉट खरीदारों ने कन्वेंशन डीड की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि किसी प्लॉट आवंटन में गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन सही खरीदारों को परेशान न किया जाए। सूत्रों के अनुसार, करीब डेढ़ साल पहले एचएसआईडीसी की रिपोर्ट में कुछ मामलों में एक ही किसान को दो बार प्लॉट आवंटन की आशंका जताई गई थी, जिसके बाद प्रक्रिया रोक दी गई। खरीदारों का कहना है कि उन्होंने सरकारी दस्तावेजों के आधार पर लाखों रुपये निवेश किए हैं। जांच जल्द पूरी कर सही मामलों में कन्वेंशन डीड शुरू की जानी चाहिए।

### जमा पूंजी प्लॉट में फंसी



गांव माजरा के किसान से प्लॉट खरीदा था। इसके लिए वह किसान को बड़ी राशि का भुगतान कर चुके हैं, लेकिन अभी तक उनके नाम कन्वेंशन डीड नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई तो खरीदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि उनकी जमा पूंजी प्लॉट में फंस गई है।

-सतीश मेहरा सेक्टर-30 में प्लॉट खरीदने वाले

### रोटरी क्लब रोहतक की नई टीम ने संभाला कार्यभार, सेवा कार्यों को दी प्राथमिकता



**रोहतक।** रोटरी क्लब रोहतक की ओर से होटल पार्क क्वीन में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए पदस्थापना समारोह एवं प्रथम क्लब असेंबली आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. सुनील मुंजाल ने अध्यक्ष और एस.के. सचदेवा ने सचिव पद का कार्यभार संभाला। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. एसएल वर्मा ने पिछले वर्ष की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी और नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष डॉ. सुनील मुंजाल ने सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की बात कही। मुख्य अतिथि राजेश जैन समेत अन्य अतिथियों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

### मेजर सज्जन सिंह गहलोत शौर्य चौक नाम बहाल, संगठनों ने जताया आभार




**रोहतक।** कारगिल विजय दिवस पर सेक्टर-14 स्थित चौक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत सहित कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चौक का नाम दोबारा 'मेजर सज्जन सिंह गहलोत शौर्य चौक' किए जाने पर संगठनों ने प्रशासन का आभार जताया। लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने कहा कि पहले नाम बदलने का विरोध किया गया था, जिसके बाद नगर निगम प्रशासन से मांग उठाई गई थी। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन पावड़िया ने कहा कि शहीदों का सम्मान समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों को नमन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## अंत्योदय मेले में 3,000 परिवारों को योजनाओं की दी जानकारी

# गढ़ी-सांपला-किलोई के लाभार्थियों को स्वरोजगार कौशल विकास व आय बढ़ाने वाली योजनाओं से जोड़ा

- 19 विभागों ने लगाए स्टॉल, पीपीपी से जुड़ी सेवाओं के लिए लगाए गए विशेष काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) 2.0 के तहत रविवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के करीब तीन हजार पात्र लाभार्थियों के लिए अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले में 19 विभागों की 47 जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जहां लाभार्थियों को स्वरोजगार, कौशल विकास और आय बढ़ाने से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण भी किया गया। जिला प्रशासन की ओर से चिन्हित पात्र लाभार्थियों को घर-घर जाकर मेले में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। मेले में पहुंचे लोगों ने अपनी पात्रता और आवश्यकता के अनुसार योजनाओं का चयन किया तथा आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मेले का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया। लाभार्थियों की संख्या, पंजीकरण की स्थिति और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। मेले में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता और आवश्यकता के अनुरूप योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी मार्गदर्शन दिया जाए। पंजीकरण के बाद प्रक्रिया भी समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।



**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अंत्योदय मेले में अपने कागजों की जांच करवाते लाभार्थी। फोटो : हरिभूमि

### फैमिली आईडी सेवाओं के साथ पात्र परिवारों को जोड़ा

अंत्योदय मेले में परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) से जुड़ी सेवाओं के लिए विशेष काउंटर लगाए गए। यहां नागरिकों को फैमिली आईडी सत्यापन, संशोधन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पात्र परिवारों का पंजीकरण कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। अधिकारियों ने बताया कि अंत्योदय मेले के माध्यम से एक ही स्थान पर स्वरोजगार, कौशल विकास और आय बढ़ाने वाली योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला की उपमंडलाधीश अंकिता पुवार, सांपला के तहसीलदार गुलाब सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**साइबर ठगी को लेकर एडवाइजरी**

### डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक और स्क्रीन शेयरिंग एप से सावधान रहने की अपील

**रोहतक।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए रोहतक पुलिस ने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील करते हुए नई साइबर एडवाइजरी जारी की है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि साइबर ठग लगातार नए तरीके अपना रहे हैं और छोटी सी लापरवाही जीवनभर की कमाई को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक और ऑनलाइन लेनदेन पर बिना जांच भरोसा न करने की अपील की। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि कोई भी पुलिस अधिकारी, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। लोगों को ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी, नेट बैंकिंग पासवर्ड और यूपीआई पिन साझा न करने की सलाह दी गई है। स्क्रीन शेयरिंग ऐप, फर्जी केवाईसी लिंक, बिजली बिल, सिम बंद होने के संदेश और निवेश के झूठे लालच से सावधान रहने को कहा। साइबर ठग अक्सर ट्रेडिंग, क्रिप्टो और ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों को निशाना बनाते हैं। सोशल मीडिया खातों पर मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।



एसपी गौरव राजपुरोहित